nt>

14.01 hrs.

MATTERS UNDER RULE 377

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shrimati Jayashree Banerjee -- not present

Dr. Madan Prasad Jaiswal -- not present

Prof. Rasa Singh Rawat -- not present

Even Prof. Rasa Singh Rawat is absent! Maybe for a change.

Shri Punnu Lal Mohale.

Title: Need to declare a National Holiday on 18th December on the Birth Anniversary of Sant Guru Ghasidas.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : महोदय, संत बाबा गुरू घासीदास जी का जन्म गिरौदपुरी, तहसील बलौदा, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ में 18 दिसम्बर सन् 1756 को हुआ था। शोाति समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने हेतु उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनके अनुयायी छत्तीसगढ़ में ही नहीं, बल्कि पूरे देश में फैले हुए हैं। इन्होंने सतनाम धर्म की स्थापना की तथा प्रतीक चिह्न के रूप में गुरू गद्दी एवं गांव-गांव में पहचान की दृटि से जय स्तम्भ निर्माण का संदेश दिया। उन्होंने अपनी मृतक पत्नी सपुरा माता को सतनाम का अमृत पिलाकर ज़िन्दा कर दिया और मृतक बछिया एवं मृत व्यक्ति को सतनाम रूपी अमृत देकर ज़िन्दा कर दिया। वार्ाँ पूर्व मध्य प्रदेश ने उक्त बाबा के जन्मदिन पर 18 दिसम्बर को सार्वजनिक छुट्टी घोाति कर दिया। अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि संत गुरु घासीदास के जन्मदिन पर 18 दिसम्बर को राट्रीय सार्वजनिक अवकाश दिया जाए जिससे उनके अनुयायी श्रद्धा-सुमन अर्पित कर सकें।